कार्यालय निदेशक
राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर कला केन्द्र के सामने, जयपुर

फोन न0 0141–2710034 E-Mail:- ccf.fti.forest@rajasthan.gov.in

क्रमांकः एफ ( )iGOT/Dir/RFWTI/2025-26 2001-03 दिनांक 27.03.2026

निमित,

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (समस्त)
मुख्य वन संरक्षक (समस्त)
उप वन संरक्षक (समस्त)

विषयः iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर दिनांक 02.04.2026 से 08.04.2026 तक **"साधना सप्ताह 2026"** राष्ट्रीय अभियान के संबंध में जागरूकता एवं सहभागिता सुनिश्चित करने बाबत।

महोदय,

भारत सरकार द्वारा क्षमता निर्माण एवं सतत अधिगम (learning) को बढ़ावा देने हेतु iGOT कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर दिनांक 02.04.2026 से 08.04.2026 तक **"साधना सप्ताह 2026"** राष्ट्रीय अभियान मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य सभी सरकारी अधिकारियों / कर्मचारियों को डिजिटल लर्निंग, क्षमता निर्माण एवं व्यवहारिक दक्षताओं के विकास हेतु प्रेरित करना है।

अतः सभी वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर लॉगिन कर "साधना सप्ताह 2026" अभियान के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा साधना सप्ताह में कम से कम 4 घंटे के कोर्सेज पूरा करना सुनिश्चित करे, जिसमें एक कोर्स AI आधारित का चुनाव करें।

इसके अतिरिक्त साधना सप्ताह 2026 के दौरान विभाग में कार्यरत संभी संवर्गों के लिए निम्नानुसार मध्याह्न पश्चात 3.30 से 4.30 तक वेबिनार आयोजित किये जायेंगे, जिसका लिंक आपको मेल / सभी कैडर के ग्रुप के माध्यम से पृथक से भिजवा दिया जायेगा। आपसे अनुरोध है कृपया अपने अधिनस्थ अधिकारी / कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में उक्तानुसार वेबिनार अटैन्ड करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

क्र.सं.	दिनांक	वेबिनार विषय	अतिथि वक्ता का नाम	वेबिनार जिनको अटैन्ड करनी है।
1	02.04.2026	Capacity Building	Shri D N Pandey, Retd. PCCF	Forest Guard & Forester
2	03.04.2026	Seed Production Area and Seed Orchard	Shri M.L Meena, Retd. PCCF	Range Officers
3	06.04.2026	Human Wildlife Conflict	Shri C.R. Ramesh, WII	ACF
4	07.04.2026	Forest Conservation Act	Smt. Prachi Gangwar, CCF	DCF
5	08.04.2026	Capacity Building	Shri Naveen Ajmera	All Ministerial Staff

समस्त मुख्य वन संरक्षक / उप वन संरक्षक को एम.डी.ओ. एडमिन अधिकार दिये गये है जिससे वे अपने अधिनस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों के प्रोफाईल अपडेट कर सकते हैं तथा इसकी नियमित समीक्षा भी करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आकांक्षा महाजन)
निदेशक,
राज0 वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान
एवं नोडल अधिकारी iGOT